आरम्भ वर्ष - 2023,
चातुर्मासिक - Tri-Annual

वर्ष - द्वितीय
अङ्क - तृतीय (अगस्त - 2024)
ऑनलाइन प्रकाशन

# बुन्देलखण्ड विमर्श
# BUNDELKHAND VIMARSH

(भारतीय ज्ञान परम्परा की सान्दर्भिक एवं पुनरीक्षित शोधपत्रिका)

(Refereed and Reviewed Research Journal of Indian Knowledge System)

: **प्रकाशक** :

संस्कृति संस्कृत संस्कार शिक्षा समिति
॥ तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥

बरौदी संस्कृति संस्कृत संस्कार शिक्षा समिति
BARAUDI SANSKRITI SANSKRIT SANSKAR SHIKSHA SAMITI
ग्राम - बरौदी, पत्रालय - सनौरा, जिला - दतिया (मध्यप्रदेश), भारत, 475686.
Vill.- Barodi, P.O.-Sanora, Distt.-Datia(Madhya Pradesh) Bharat,475686.
Cont.- +91 88277 66640, +91 78799 58816,
Email:- sanskritsamiti17@gmail.com, Website:- www.sanskritsamiti.org

## शोधपत्रिका विवरण :-

| | | |
|---|---|---|
| • शोधपत्रिका का नाम (हिन्दी में) | - | बुन्देलखण्ड विमर्श |
| • शोध पत्रिका का नाम (अंग्रेजी में) | - | BUNDELKHAND VIMARSH |
| • प्रकाशन का विषय क्षेत्र | - | बहु विषयक |
| • प्रकाशन की भाषा | - | बहुभाषिक |
| • आरम्भ वर्ष | - | 2023 |
| • प्रकाशन अवधि | - | चातुर्मासिक (Tri-Annual) |
| • प्रकाशन माध्यम | - | ऑनलाइन |

## अंक विवरण :-

| | | |
|---|---|---|
| • प्रकाशन वर्ष | - | द्वितीय |
| • अङ्क | - | तृतीय (अगस्त - 2024) |

## सदस्यता विवरण :-

| | | |
|---|---|---|
| • वार्षिक सदस्यता | - | 1500/- रुपये मात्र |
| • एक अंक | - | 750/- रुपये मात्र |

## प्रकाशक विवरण :-

बरौदी संस्कृति संस्कृत संस्कार शिक्षा समिति

## सम्पर्क सूत्र :-

ग्राम - बरौदी, पत्रालय - सनौरा, जिला - दतिया (मध्यप्रदेश), भारत, 475686.
Vill.- Barodi, P.O.-Sanora, Distt.-Datia (Madhya Pradesh) Bharat, 475686.
Cont.- +91 88277 66640, +91 78799 58816.
Email :- sanskritsamiti17@gmail.com, Website :- www.sanskritsamiti.org

**प्रधान सम्पादक**

डॉ. उपेन्द्र भार्गव

**सम्पादक**

डॉ. आनन्द प्रकाश शुक्ल

**सह सम्पादक**

डॉ. कपिल कुमार भार्गव, आकृति शर्मा

**सम्पादक मण्डल**

प्रो. श्यामदेव मिश्र (उत्तर प्रदेश)
प्रो. प्रसाद गोखले (महाराष्ट्र)
डॉ. दिनेश रसाळ (महाराष्ट्र)
डॉ. कृष्णकान्त तिवारी (मध्य प्रदेश)
प्रो. नीलाभ तिवारी (मध्य प्रदेश)
प्रो. पराग जोशी (महाराष्ट्र)
डॉ. नितिन जैन (नयी दिल्ली)
डॉ. रमण मिश्र (मध्य प्रदेश)

**सहायक सम्पादक**

डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी (मध्य प्रदेश)
डॉ. धनञ्जय मिश्र (जम्मू एवं कश्मीर)
डॉ. हिमांशु द्विवेदी (मध्य प्रदेश)
डॉ. नरेश शर्मा (हरियाणा)
डॉ. रामकुमारी (गुजरात)
डॉ. लवलेश मिश्र (मध्य प्रदेश)
डॉ. कृष्णकुमार भार्गव (आन्ध्रप्रदेश)
डॉ. मोहन बैरागी (मध्य प्रदेश)
डॉ. शमीनाज़ खान (शिमला)
डॉ. राकेश दास (पश्चिम बंगाल)
डॉ. लक्ष्मीविजयन् वी.टी. (केरल)
डॉ. मृत्युंजय कुमार मिश्र (राजस्थान)
डॉ. देशबन्धु (नयी दिल्ली)
डॉ. अवतारजीत सिंह(मध्य प्रदेश)
डॉ. पुष्पिन्दर जोशी (पंजाब)
डॉ. रूपाली सारये (मध्य प्रदेश)
डॉ. प्रभाकर पाण्डेय (मध्य प्रदेश)
डॉ. रमा आर्या (मध्य प्रदेश)
डॉ. अवधेश श्रोत्रिय (बिहार)
डॉ. दीपक पाठक (उत्तर प्रदेश)
शिरीन कुरैशी (मध्य प्रदेश)
डॉ. प्रियव्रत मिश्र (उडीसा)
डॉ. अखिलेश्वर मिश्र (तमिलनाडु)

**प्रबन्धन एवं तकनीकि सम्पादक**

विवेक कुमार शर्मा
राज भार्गव
वाई श्री तेजस्वी

# सम्पादकीय

“स्वाध्यायप्रवचनाभ्यं न प्रमदितव्यम्” इस उपनिषद वाक्य के ध्येय को जीवन लक्ष्य बनाकर भारतीय ज्ञान परम्परा के सिद्धान्तों द्वारा अपनी तीक्ष्ण बुद्धि से अनेक शोध अध्येता, अनुसंधाता तथा गवेषकों ने प्राचीन काल से चारों वेद, छह वेदांग, अठारहों पुराण, रामायण, महाभारत, शताधिक उपनिषद, दर्शन और विस्तृत संस्कृत वाङ्मय के अथाह ज्ञानसिन्धु को पार करने का प्रयत्न किया है और वर्तमान में भी यह यात्रा अनवरत रूप से प्रवाहमान है। प्रत्येक शोधार्थी के लिए यह आवश्यक है कि वह निरन्तर स्वाध्याय करे और स्वाध्याय से उपार्जित ज्ञान को अपने आलेख द्वारा अन्य ज्ञान पिपासुओं तक सम्प्रेषित करने का यत्न भी करे तभी अध्ययन एवं अनुसन्धान की सार्थकता सिद्ध होती है। ज्ञानप्रवाह को निष्कल्मष बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि शोध, अनुसन्धान एवं गवेषणा को प्रोत्साहित किया जाए तथा शोधार्थियों को पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराये जाने चाहिए जिससे संचित ज्ञान की अभिरक्षा तथा भविष्य के लिए उसका पोषण सुनिश्चित किया जा सके।

वर्तमान में भारतीय ज्ञान परम्परा के साथ अन्य आधुनिक ज्ञान - विज्ञान के समावेशी एवं अन्तर्विषयी तथा भारतीय भाषाओँ में शोध अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए जो प्रावधान तथा प्रयत्न वर्तमान ‘राष्ट्रीय शिक्षा नीति’ में किये गए हैं वे निश्चित रूप से शिक्षा में क्रान्ति का सूत्रपात करते हैं। भारतीय ज्ञान मीमांसा में योग, ज्योतिष आयुर्वेद, वेदान्त, राजनीति, धर्म, समाज, अर्थशास्त्र तथा मनोविज्ञान आदि ऐसे अनेक महत्वपूर्ण विषय हैं जिनका अध्ययन अन्य विषयों के परस्पर सामंजस्य से नूतन दृष्टि प्रदान करता है।

अतः प्रस्तुत शोध पत्रिका 'बुन्देलखण्ड विमर्श' भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित लोक कल्याण परक विषयों के प्रचार - प्रसार, उन्नयन एवं शोध उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु सुधी पाठकों, विद्वज्जनों, समीक्षकों, आलोचकों के समक्ष प्रस्तुत है। हमारा लक्ष्य है कि पत्रिका में प्रकाशित होने वाले शोधपत्रों के माध्यम से हमारे अध्येता शोधार्थियों के ज्ञान में वृद्धि हो तथा वे सान्दर्भिक शोध की दिशा में प्रवृत्त हो सकें। हमें आशा है कि हमारे प्रिय पाठकों के महत्वपूर्ण सुझाव और मार्गदर्शन हमें निरन्तर प्राप्त होंगे जिनसे हम अपनी गुणवत्ता विकसित कर सकेंगे तथा आपके लिए सुदृढ़ बौद्धिक पाथेय उपलब्ध करा सकेंगे।

आपके स्नेह एवं सहयोग का आकाङ्क्षी

डॉ. आनन्द प्रकाश शुक्ल

चैत्र शुक्ल एकादशी

१९ अप्रैल २०२४

# विषयानुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | धर्मशास्त्रे मानवमूल्यविमर्श: | तरुणा अवस्थी<br>प्रो. यशवीरसिंह: | 1-8 |
| 2 | कबीर का समन्वयवादी दृष्टिकोण | देवीदीन चौधरी<br>डॉ. विजय लक्ष्मी पोद्दार | 9-13 |
| 3 | The Usefulness of Indian Knowledge Tradition in Modern Context | Vedanshu Gautam | 14-20 |
| 4 | बुन्देली भाषा की उच्चारण प्रणाली | डॉ. रमा आर्य | 21-24 |

# धर्मशास्त्रे मानवमूल्यविमर्शः

**तरुणा अवस्थी***

**प्रो. यशवीरसिंहः****

**सारांश :-**

'धृञ्' धारणे धातोः मन् प्रत्यये कृते निष्पद्यते धर्मशब्दः। धर्मशब्दस्यार्थः सर्वादौ ऋग्वेदे प्राप्यते यस्य प्रयोगः विविधेषु अर्थेषु भवति यथा संस्कारपुण्यपरम्परायज्ञयागधार्मिकभावनाः सामाजिकजीवनादिषु अर्थेषु। महाभारतानुसारं तु 'अहिंसा परमो धर्मः'। मनुनाऽपि आचारो परमो धर्मः इति घोषितम्। समाजे प्रतिष्ठानिमित्तं धर्मशास्त्रस्य आवश्यकता वर्तते। तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत। धर्मशब्दोऽयं अनेकपरिवर्तनानां विलोमपदानां च चक्रञ्गतः। किन्तु धर्मशास्त्रानुगुणं तु धार्यते इति धर्मः, धरति धारयति वा लोकं, ध्रियते लोकयात्रानिर्वाहार्थम् इत्यादिः भवति अस्य शब्दस्य व्युत्पत्तिः। पाश्चात्याः विद्वासः अपि धर्मशब्दस्य कृते Religion, Virtue, conduct इत्यादिनां शब्दानां प्रयोग कुर्वन्ति। किन्तु धर्मस्य यादृशं अर्थं अस्माकं भारतीयशास्त्रेषु क्रियते तादृशम् अन्यत्र नैव प्राप्यते। धर्मोऽयं मानवजातेः अस्मितायाः आधारः। स एवात्र विमृश्यते।

**कुञ्जीशब्दाः -**

धर्मः, सनातनधर्मः, वेदः, ऋग्वेदः, महाभारतम्, आचारः, समाजः, भारतभूमिः, Religion, Virtue, conduct .

---

**प्रस्तावना -**

विदितमस्ति यत् भारतभूमिरियं जननी वर्तते विविधानां शास्त्राणाम्। यस्याः गौरवभूताः भवन्ति वेदाः। वेदा एव भारतीयसस्कृतेः भवन्ति आत्मभूताः स्तम्भाः। वेदानुनुसृत्येव सनातनधर्मः आद्यः विभुः नित्यश्च प्रवर्तते इह लोके। सनातनधर्मस्यास्य गतिसहायकाः भवन्ति इमे वेदाः। यान् विना सृष्टिः नैव पारयति गतिम्। एतेषु वेदेषु सम्पूर्णजातीनां विकासाय सिद्धान्ताः नियमाश्च मन्त्ररूपेण निगदिताः प्रवर्तन्ते। अतो इमे सतानतधर्मस्य पथप्रदर्शकत्वेन स्वीक्रियन्ते अद्यापि लोके। वेदानां मतानुसारं धर्मः नियमव्यवस्थायाः द्योतको भवति। सकलस्य जगतः धारकपोषकत्वेन च धर्मस्योपादेयत्वं सर्वत्र स्वीक्रियते। भारतीया संस्कृतिरियमपि विद्यते धर्माश्रिता। यतोहि-

**वेदोऽखिलो धर्ममूलम्।**[1]

---

[1] *शोधच्छात्रा, धर्मशास्त्रविभागः, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नवदेहली।

'धृञ्' धारणे धातोः मन् प्रत्यये कृते निष्पद्यते धर्मशब्दः। धर्मशब्दस्यार्थः सर्वादौ ऋग्वेदे प्राप्यते यस्य प्रयोगः विविधेषु अर्थेषु भवति यथा- संस्कारपुण्यपरम्परायज्ञयागधार्मिकभावना सामाजिकजीवनादिषु अर्थेषु। महाभारतानुसारं तु **'अहिंसा परमो धर्मः'**।[2] मनुनाऽपि **आचारो परमो धर्मः**[3] इति घोषितम्। समाजे प्रतिष्ठानिमित्तं धर्मशास्त्रस्य आवश्यकता वर्तते। **तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत**।।[4] धर्मशब्दोऽयं अनेकपरिवर्तनानां विलोमपदानां च चक्रञ्गतः। किन्तु धर्मशास्त्रानुगुणं तु **धार्यते इति धर्मः, धरति धारयति वा लोकं, ध्रियते लोकयात्रानिर्वाहार्थम्**[5] इत्यादिः भवति अस्य शब्दस्य व्युत्पत्तिः। पाश्चात्याः विद्वासः अपि धर्मशब्दस्य कृते Religion, Virtue, conduct इत्यादिनां शब्दानां प्रयोग कुर्वन्ति। किन्तु धर्मस्य यादृशं अर्थं अस्माकं भारतीयशास्त्रेषु क्रियते तादृशम् अन्यत्र नैव प्राप्यते। धर्मोऽयं मानवजातेः अस्मितायाः आधारः। यतोहि उच्यते यथा-

**आहारनिद्रा भयमैथुनं च समानमेतत् पशुभिर्नराणाम्।**
**धर्मो हि तेषामधिको विशेषो धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः।।**[6]

सर्वविधं धर्मं व्यवहारं च शिक्षयितुं धर्मशास्त्रकारैः रचितं कर्मादर्शकशास्त्रमेव धर्मशास्त्रम्। कर्मणा मनसा वचसा च धर्मं शिक्षयति इदं धर्मशास्त्रम्। यद्यापि धर्मशास्त्रे ब्राह्मणात्मकचतुर्वेदाः, वेदाङ्गानि, धर्मसूत्राणि, स्मृतिग्रन्थाः, रामायणम्, महाभारतम्, पुराणानि एतेषां सर्वेषां गणना क्रियते। तथापि अधोलिखितन्यायेन तु धर्मशास्त्रे प्रामुख्येण स्मृतिग्रन्थानां बाहुल्यं दृश्यते।

**धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः।**[7]

स्मृतिसाहित्यं श्रुतिग्रन्थानाधिकृत्य स्वयम्भूः ऋषिभिः सङ्कलितं साहित्यम् अस्ति। श्रुतिग्रन्थानां रचना वैदिकसंस्कृते जाता। स्मृतिसाहित्यस्य रचना तद् विपरीतं लौकिकसंस्कृते जाता। कालक्रमेण स्मरणक्षीणतायाः कारणेन वैदिकसंस्कृतेः दुष्करः जातः ग्रन्थबोधः। अत एव स्मृतिग्रन्थानां रचना ऋषिभिः कृता लौकिके संस्कृते। श्रुतिनाम् अभिप्रायान् स्मर्तुं स्मारयितुं वा रचिताः अत एताः स्मृतयः इत्युच्यन्ते। श्रुतिप्रमाणभूते अस्मिन् धर्मशास्त्रे त्रयाणां विषयाणां विवेचनं लभते।

**1. आचारः**

**2. व्यवहारः**

---

**विभागाध्यक्षः, धर्मशास्त्रविभागः, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः, नवदेहली।

मनु.स्मृ. - 2.06

[2] महाभारतम् - 13.117.37

[3] वसिष्ठ० - 6.1

[4] मनु.स्मृ. - 6.24

[5] धर्मद्रुमः-प्रथमोऽध्यायः, पृष्ठ सं-01

[6] हितोपदेशः-2.24

[7] मनु.स्मृ. - 2.06

**3. प्रायश्चित्तम् ।**

समाजे आदर्शजीवनाय कर्तव्यम्, अधिकाराः, नियमाः, सामाजिकासिद्धान्ताः, नैतिकता, संस्काराणि, अनुशासनम्, आचरणम्, शास्त्रोक्तनियमानाम् आचरणम्, विपरीताचरणस्थितौ किं कर्तव्यम् इत्यादिः सर्वेषां विषयाणां निर्वचनं एतेषु त्रिषु अन्तर्भवति। एतेषु एव विषयेषु अन्यतम: भवति मानवमूल्यविषय: ।

विरिञ्चिः प्रपञ्चं कारयाञ्चकारेत्यारभ्य परिवर्तनशीलजगत्यस्मिन् बहुविधपरिवर्तनानि लोचनगोचरानि भवन्ति। कलिकालस्यास्यैकविंशति शताब्द्यामवाप्य वयमाधुनिका इति शब्देन स्वां सम्बोधयामः। प्रपञ्चेऽस्मिन् मानवमतिरिच्य प्रभिन्ना: सृष्टि: दरिदृश्यते तथा च तस्या: सृष्टया: रचियता मानवो नास्तीति तु निश्चप्रचम्। तथापि बुद्धे: कारणात्वात् मानवोऽत्र विशिष्यते। मानवः सृष्टिं पोषयति इति न, सृष्टि: मानवं पोषयति अतः मानवस्योत्तरदायित्वं मानवमतिरिच्य सृष्टिं प्रत्यपि मुख्यत्वेन वरिवर्तते। तेनकारणेनैवास्मकं मानवीयमूल्यानामुत्सर्जनं भवति। औद्यौगिकप्रौद्यौगिकयान्त्रिकादिभिः सुसम्पन्ने "डिजिटल" इत्याख्य समाजे वयं प्रविष्टा:। अत्र पर्यन्तमागन्तुमस्माकं पूर्वजानां महान् परिश्रमोऽऽसीत् नात्यस्यत्र सन्देहः। वयं भारतीयाः, अतः स्वकीयज्ञानराशे: अवरोहक्रमं पश्यामश्चेत् वेदेष्वस्माकं विरतिः भवति। वेदोऽपौरुषेयः इत्यस्मदाचार्याणामुक्तिः। वेदानामध्ययनेन मननानुशीलनेन च ब्राह्मणोपनिषदारण्यकषड्वेदादिशास्त्रीयग्रन्थाः प्रकटीकृताः, यत्र मानवधर्मस्य नानाविधचर्चा विहिता वर्तते। अनेन इति तु स्पष्टमेव यत् धर्मशास्त्रकारः न कश्चन: अन्य: अपितु मानवः एव। मूल्यानां निर्धारणम् अपि एकेन मानवेन एव कृतमिति विवादास्पदं प्रतीयते अतः वेदाः मूर्धन्यं भजन्ते अपौरुषेयत्वात्।

गीर्वाणवाण्याविरचिता इमे वेदा: लौकिकजगति सारल्यतां प्राप्नुयु: इति धीया धमशास्त्रेषु तेषां सरलव्याख्या बुधैः कृता वर्तते। मानवीयमूल्यानां सूक्ष्मातिसूक्ष्मविषया: गूढातिगूढविषया: च धर्मशास्त्रेषु लभन्ते। मानवमूल्यनिर्धारणेनैव मानवः स्वकीयोत्तरदायित्त्वं विज्ञाय समाजं प्रति उतमोत्तमं व्यवहरितुं शक्नोति

**किं नाम मूल्यम्-** मूल् 'प्रतिष्ठायाम्' इति धातुना 'यत्' प्रत्यये कृते सति मूल्यशब्दः निर्मीयते। अस्माकं जीवनं जिवितुं यत्किमपि आचरणम् अस्माभि: क्रियते येन अस्माकं जीवनं गौरवपूर्णं भवति, तदाचरणमेव मूल्यानि इति उच्यते। मूल्यानां ज्ञानम् आवश्यकं, परन्तु आचरणस्य अभावे कस्यापि ज्ञानस्य माध्यमेन मानवमूल्यानां कल्पनैव न शक्यते। मूल्यानि एव मानवजीवनं सार्थकं कर्तुं शक्नुवन्ति। मानवजीवनं सार्थकं कर्तुं ज्ञानं मूल्यरूपेण भवति। अतः 'मूल्यानि ज्ञानाधारितव्यवहारतत्त्वानां सङ्ग्रहः' इति स्पष्टम्। धर्मशास्त्रं भारतीयसंस्कृतेः परम्परायाः च महत्त्वपूर्णः भागः अस्ति। अस्मिन् सामाजिक-नैतिक-आध्यात्मिकमूल्यानां व्यापकं वर्णनं दृश्यते। धर्मशास्त्रे न केवलं धार्मिकनियमानां संस्काराणां वर्णनं भवति अपितु समाजस्य सर्वेषां वर्गाणां कृते नैतिकसामाजिकमार्गा: अपि प्रदर्शितास्सन्ति। भारतीयसंस्कृतिः

विश्वस्य प्राचीनतमासु संस्कृतिषु अन्यतमा अस्ति। भारतीयसंस्कृतिः मूल्योन्मुखव्यवहारं पोषयति। भारतीयसंस्कृतौ मानवमूल्यानां विशेषं महत्त्वं वर्तते। मानवमूल्यानि मनुष्यान् पशुभ्यः भिन्नरूपेण दर्शयन्ति, यस्य अन्तर्गतं सत्यं, नैतिकता, अहिंसा, दानं, दया, क्षमा, कर्तव्यनिष्ठा इत्यादयः मानवीयमूल्यानि मानवतायाः प्रतीकतत्त्वानि सन्ति। मानवीयमूल्यानि मानवस्य व्यक्तित्वस्य चरित्रस्य च सूचकाः भवन्ति। एतेषां मानवमूल्यानां विषये धर्मशास्त्रस्य का अवधारणा इति मया अत्र प्रस्तूयते।

**आचारः -**

भारतीयसंस्कृतौ मानवमूल्येषु आचारशब्दस्य बहुप्रयोगः कृतः अस्ति। सकारात्मकचिन्तनस्य प्रधानतायाः कारणात् 'आचार' इति शब्दस्य प्रयोगः केवलं सद्गुणाय एव आसीत्। फलतः आचारस्य सम्बद्धः धर्मेण सह अभवत्। यस्मात् कारणात् मनुः आचारं श्रेष्ठधर्मं स्वीकृतवान्।

**आचारः परमो धर्मः श्रुत्योक्तः स्मरत् एव च।**
**तस्मादस्मिं सदा युक्तो नित्यं स्यादात्मवां द्विजः।।**[8]

वेदस्मृतिविहिताचरणं महत्तमं धर्म इत्यर्थः। अतः बुद्धिमान् पुरुषः सदा अस्मिन् निरतः एव तिष्ठति। किं कर्तव्यं किम् अकर्तव्यम् आचारयुक्तः एव पुरुषः एतस्य निर्णयं कर्तुं सक्षमः भवति। मम अभिप्रायः अस्ति यत् मनुः आचारं मूल्यरूपेण वर्णितवान्, यस्य आचरणं चतुर्षु आश्रमेषु समृद्धजीवनाय आवश्यकम् अस्ति। अर्बन् इत्यनेन वर्गीकृतानां अष्टप्रकारस्य मूल्यानां अधिकांशं मनुस्मृतौ उपलभ्यते।

याज्ञवल्क्यस्मृतेः प्रथमोऽध्यायः आचाराध्याय इति नाम्ना प्रसिद्धः यस्मिन् मनुष्यस्य सम्पूर्णजीवने सुखसमृद्ध्यर्थं आचारस्य प्राधान्यं व्याख्यातम् अस्ति। याज्ञवल्क्येन आचारः धर्ममूलत्वेन प्रस्तावितः-

**श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।**[9]

वशिष्ठस्मृतौ अपि सद्वृत्तिः प्रशंसितः दुराचारः च निन्दितः -

**आचारः परमो धर्मः सर्वेषामिति निश्चयः।**
**हीनाचारपरीतात्मा प्रेत्य चेह च नश्यति॥**[10]

यः मानवः सर्वलक्षणहीनः भूत्वा अपि सदाचारवान् भवति सर्वेषु सद्गुणेषु अभावेऽपि यदि सः सदाचारे श्रद्धावान् भवति तथा च आलोचना आदि दोषरहितः भवति चेत् सः वर्षशतं सुखेन जीवति। वर्तमानपरिप्रेक्ष्ये इति दृष्टिपथमायाति यत् जनाः सर्वविधसम्पन्नाः भूत्वा अपि जीवने सदाचारं न धारयन्ति। सद्वृत्तिः सत् आचरणं वा सदाचारः इत्यर्थः। महापुरुषाणाम् अनुसारेण सत्यं, अहिंसा, श्रद्धा, मैत्री इत्यादयः गुणाः सदाचारे अन्तर्भवन्ति। यः एतान् सर्वान्

---

[8] मनु.स-1.109

[9] याज्ञ०-1.7

[10] वसिष्ठ०-6.1

गुणान् जीवने धारयति सः गुणवान् उच्यते। योऽस्य विरुद्धं वर्तते सः दुराचारी उच्यते। सद्वान् समाजे पूज्यते।

**सर्वलक्षणहीनोऽपि यः सदाचारवान्नरः।**
**श्रद्धाधानोऽनसूयश्च शतं वर्षाणि जीवति।।** [11]

**अहिंसा -**

**आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।** अनेन न्यायेन इति तु सिद्धमेव यत् येन कार्येण स्वां कष्टं भवति तत् कार्यं अन्येषां कृते अपि कष्टप्रदं भवति अतः समाजे अस्माभि: अहिंसायुक्तम् आचरणं करणीयं येन कस्यचित् अपि हानि: न भवेत्। भगवता मनुना अपि चतुर्णां वर्णानां कृते अहिंसाया: सन्देश: प्रदत्त:-यथा-

**अहिंसासत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।**
**एतं सामासिकं धर्मं चातुर्वणर्येऽब्रबीन्मनुः॥**[12]

धर्मशास्त्रेषु अहिंसा मानवमुक्ते: साधनत्वेन प्रतिपादिता वर्तते येन असाध्यमोक्षसिद्धिरपि सुलभा प्रतीयते। सर्वेषां प्राणिनां प्रति विशुद्धमनसा रागद्वेषादिपरित्यक्तभावेन च अहिंसाया: आचरणं मुक्ते: भवति परमं साधनम्-

**अहिंसया च भूतानाममृततत्त्वाय कल्पते।**[13]

यथा अहिंसाया: आचरणं मुक्ते: साधनम् तथैव याज्ञवल्क्यानुसारेण इयम् अहिंसा धर्मस्य मुख्यसाधनत्वेन परिगृह्यते-

**अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।**
**दानं दमो दया क्षान्तिः सर्वेषां धर्मसाधनम्॥**[14]-

**शुश्रूषा –**

मातापितागुरूणां च शुश्रूषा सर्वादौ धर्मशास्त्रेषु बुधै: भणिता। एतेषां सेवायां सेवमान: सर्वदा यश: कीर्ति श्रेष्ठतां च प्राप्नोति। आचार्य: सदा दशश्रोत्रिभ्यः महान् भवति, उपाध्याय: विद्यागुरु इति दशाचार्येभ्यो महान्, पिता दशोपाध्यायेभ्योच्चतरेति, मातुः स्थानं दशपितृभ्योऽतिरिच्यते[15], सा जननी एकाकिनी स्वकियगौरवेण समस्तविश्वं पृथिवीं च तिरस्करोति, अतः मातुः सममपरः गुरु नास्ति। मातापितागुरूणां मनसा वाचा क्रियादिभि: द्रोहकर्ता भ्रूणहत्याविशिष्टं पापमाचारति।

**इमं लोकं मातृभक्त्या पितृभक्त्या तु मध्यमम्।**
**गुरुशुश्रूषया त्वेवं ब्रह्मलोकं समश्नुते॥**[16]

---

[11] मनु.सं.- 4.158
[12] मनु.सं.- 06.60
[13] धर्मद्रुम:-
[14] याज्ञ०-1.122
[15] मनु.स-2.145
[16] मनु.स-02.233

**करुणा –**

सनातनधर्मे मानवस्य परिचयः तस्य शरीरात् स्थूलरुपेण स्वीक्रियते। वास्तविकरुपेण मानवस्य परिचय: तस्य शरीरात् नास्ति, न तु सम्बन्धस्याधार: तस्य देहातस्ति, मानवस्य स्वभावः तस्य व्यवहार: कार्याणि च मुख्यपरिचयोऽस्ति। प्रकृतौ त्रैगुण्यकारणात् मानवस्य व्यवहारे विलक्षणता भवति, तमस नामान्धकार: अविचार्य जीवनयापनं तामसिकव्यवहारो भवति यथा पशुपक्षिण: स्वकीय शारीरिकेच्छायाः पूर्त्यर्थं जीवन्ति। सत्व नाम ज्ञानस्य प्रकाश: यदा मानवः प्रत्येकं स्थितौ सत्यस्य धर्मस्य परम्परायाश्च विचारं कृत्वा व्यवहरति तत् सात्विकजीवनं भवति। उभयोः मध्ये अहङ्कारगुणोपेता राजसिको जीवति। अतः काम: दमेन शमितं भवति, लोभ: दानेन, क्रोधश्च करुणया जित: भवति। कस्याप्येकस्य दुखस्यानुभव: यदा सर्वे कुर्वन्ति तस्य दुखस्य कारणात् अन्येषां हृदयेपि करुणाया: भावो भावित: भवति सैव धर्मोच्यते।

**दयया सर्वभूतेषु सन्तुष्टया येनकेन वा।**
**सर्वेन्द्रियोपशान्त्या च तुष्यत्याशु जनार्दनः॥**[17]

**सत्यता -**

सत्यमेव जयते, सत्यं वद, सत्यान्न न प्रमदितव्यम् इति एकघोषेण सत्यं प्रति प्रमादो न कर्तव्यमिति उपनिषद: अस्मान् पुनःपौन्येन प्रेरयन्ति। सत्यस्यैव सदा जयो भवति, असत्यस्य न। सर्वेषां धर्माणां मूलं सत्यमेव अतः नास्ति सत्यात् परः धर्मः, यथा-

**नास्ति सत्यात्परो धर्मो नानृतात्पातकं परम्।**
**स्थितिर्हि सत्यं धर्मस्य तस्मात्सत्यं न लोपयेत्।।**[18]

सत्यसम्भाषणेनैव स्वात्मनि परात्मनि च सन्तोषप्राप्ति: भवति येन समाजे ईर्ष्याक्रोधादि भावानां प्रसक्तोत्पत्तय: न्यूनता भवति। कुटिलतामिथयामायाविहीना: सत्यघटेन परिपूर्णा: च पुरुषार्थं सम्पादयितुं अर्हन्ति। अतः सत्यं इति पदं सनातनधर्मस्य पर्यायत्वेन अपि स्वीक्रियते। यथोक्तं मनुना अपि-

**सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम्।**
**प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः।।**[19]
**प्रशासितारं सर्वेषामणीयान्समणोरपि।**
**रुक्माभं स्वप्नधीगम्यं विद्यात्तं पुरुषं परम्।।**[20]

यः सर्वेषां नियन्ता, सूक्ष्मातिसूक्ष्मतर:, सुवर्णकान्तिवत् स्वप्नाधिगम्य: सः परमात्मा विजानीयात्। एष परमात्मा पञ्चमहाभूतेषु प्रविश्य जन्मवृद्धिनाशादि चक्रे सर्वान् भ्रामयति। एवं प्रकारेण यः पुरुषः सर्वभूतेष्वात्मन: दर्शनं करोति सः समत्वं प्राप्य ब्रह्मण: परमपदमवाप्नोति।[21]

---

[17] धर्मद्रुम-पृ.सं-135
[18] धर्मद्रुम:-पृ.सं-121
[19]मनु.स-4.138
[20]मनु.स-12.122
[21] मनु.स-12.125

**इन्द्रियनिग्रहः –**

धर्मरीत्या कर्मेन्द्रियाणि ज्ञानेन्द्रियाणि च नियन्त्र्य व्यवहर्तव्यम्, यतोहि धर्मकार्येषु विषयवासनादि विषयाः इन्द्रियाणां माध्यमेन बाधां जनयन्ति। दोषरहितविषयेभ्यो निग्रहः परमावश्यक: अनेन मानवीयमूल्यानां हननं न भवति।

**आपदां कथितः पन्था इन्द्रियाणामसंयमः ।**
**तज्जयः सम्पदां मार्गो येनेष्टं तेन गम्यताम् ॥[22]**

यथा सारथि सर्वादौ अश्वान् नियन्त्रयति अनन्तरं रथं चालयति तदवदेव धर्मात्मा विषयं प्रति धावितेन्द्रियान् संयम्य जीवति मानवमूल्यनि च संरक्षयति।[23]

स्वकल्याणार्थं नित्यं स्वेन्द्रियाणि वशीकृत्य मानव: सर्वदा सजगः भवेत्। मनस: वशे न भूत्वा आत्मनः वशे भवेत्। मा क्रुद्धाः, सदा अन्तः बहिः च शुद्धाः तिष्ठन्तु तथा च सर्वदा मधुरं हितकरं च वाणीं वा वचनं वदन्तु या वाणी कस्यचित् कृते अकल्याणकारिणी भवेत्। इति एतस्य श्लोकस्य अर्थ: भवति य: अस्मान् शिक्षयति यत अस्माभि: समाजे कीदृश: व्यवहार: करणीय:।

**जितेन्द्रियः स्यात् सततं वश्यात्माक्रोधनः शुचिः ।**
**प्रयुञ्जीत सदा वाचं मधुरां हितभाषिणीम् ॥[24]**

**शौचम् –**

सामान्यरूपेणापि जीवने शुद्धतायाः महतां महत्वम् वर्तते एव, आध्यात्मिकमूल्यसम्पादने तु विशिष्य शुचितायाः अवधानमावश्यकमिति। बाह्याभ्यन्तरभेदेन चैषा द्विधा प्रोक्ता। मृद्वारिभ्यां या शुचिता भवति सा बाह्या उच्यते, अन्तःकरणेन सम्बद्धा या शुचिता भवति साभ्यन्तरिका इति।

**सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम् ।**
**योऽर्थे शुर्चिहि स शुचिर्न मृद्वारि शुचिः शुचिः ॥[25]**

बाह्याभ्यन्तरशौचमतिरिच्य अन्त:करणस्य भावस्वरूपा शुचिता अपि अपेक्षिता भवति। गङ्गाजलेन मृतिकापर्वतेन च जन्मपर्यन्तं शौचाचरणेन भावशुद्धि: भवितुम् न अर्हति, भावशुद्धिस्तु वेदविहितस्मृतिविहितश्च कर्मणा एव साध्या वर्तते। यथा-

**गङ्गातोयेन कृत्स्नेन मृद्धारंश्च नगोत्तमैः ।**
**आमृत्योश्चाचरञ्छौचं भावदुष्टो न शुध्यति ॥[26]**

दिशाहीनजीवनशैलीं दृष्ट्वा मानवीयमूल्य: इति विषय: वर्तमाने समावेशयितुम् अत्यन्तम् अनिवार्य:। अस्माकं दूरदर्शीऋषिभिः जीवने मानवीयमूल्यानाम् आवश्यकतायाः प्रासङ्गिकतायाः च महत्त्वं ज्ञात्वा मानवीयमूल्यानां महिमामण्डनं प्राय: सर्वशास्त्रेषु कृतम्। पुनः

---

[22]धर्मद्रुम: - पृ.सं. - 131
[23] मनु.स. - 2.88
[24] औशनस० - 3.15
[25] मनु.स. - 05.106
[26] धर्मद्रुम-पृ.सं - 131

अस्माकं भारतीयज्ञानपरम्परया शिक्षाया: साफल्यं तदानीम् अङ्गीक्रियते यदा सा शिक्षा आचरणे अपि भवति। पाश्चात्यसभ्यतायाः अनुकरणं कुर्वन् अस्माकं समाज: शास्त्रोपदिष्टव्यवहारेण रहित:। यतः अद्यतनपीढी अनियमिततां प्रगतिरूपेण, विज्ञानस्य विकृतप्रयोगं विकासरूपेण च मन्यमानस्य महतीं त्रुटिं कुर्वती अस्ति। फलतः भारतीयजनानाम् एकः सिंहभागः एतेषां मानवीयमूल्यानां विषये अनभिज्ञः एव तिष्ठति, अतः वर्तमानसमाजस्य इयं महती आवश्यकता वर्तते यत् एतेषु मानवमूल्यानां विषये चिन्तनं करणीयम्।

# कबीर का समन्वयवादी दृष्टिकोण

देवीदीन चौधरी

डॉ. विजय लक्ष्मी पोद्दार*[1]

**सारांश :-**

हजार वर्ष के इतिहास में कबीर जैसे क्रांतिदृष्टा विरले ही पैदा होते हैं। युग-पुरुष युग दृष्टा होते हैं उनकी युग- भेदनी दृष्टि युग के पार जाकर मानव ही नहीं प्राणी मात्र की समस्या की गहरी जांच पड़ताल करती है। कबीर ने देखा कि समाज में तथाकथित लोग जो उच्च जाति में जन्म लेते हैं वह अपने को उच्च समझते हैं जातियों को अवहेलना की दृष्टि से देखते हैं कबीर ने ऊंच-नीच के भेदभाव को बहुत ही बुरा बताया इस प्रकार की भावना रखने वालों पर तंज कसा और खरी खोटी सुनाई। कबीर ने तीर्थ स्थान एवं मन की वासनाओं को व्यर्थ कहां है। हाथ में माला फेरने से, तीर्थ यात्रा करने से एवं पत्थरों की पूजा करने से मनुष्य का उद्धार नहीं हो सकता। इस प्रकार कबीर ने भ्रांतियां का निर्मूलन कर शक्ति की प्रतिष्ठा की है।

संत कबीर दास जी का मानना था अंधविश्वासों और रूढ़ियों से जकडा समाज आडंबर के दलदल में सड़ता गलता जाता है। यदि इनका त्याग कर दिया जाए, तो धर्म एक हो जाएगा छोटे-छोटे समाज परिवर्तित होकर एक बड़े समाज का निर्माण होगा। यद्यपि सभी धर्म अनुयायियों और सामाजिक संगठनों का एक ही लक्ष्य है, मानव मात्र का कल्याण। जिसका इस दुनिया में कोई नहीं होता उसका भगवान होता है लेकिन कबीर का कोई अपना नहीं था फिर भी उन्होंने सबको अपना माना। प्रस्तुत शोधपत्र में कबीरदास की इसी समन्वयवादी दृष्टि का शोधपूर्ण रीति से वर्णन किया गया है।

**कुञ्जी शब्द :-** कबीर, समन्वय, समकालीन, 15वीं शताब्दी, हिंदू, मुसलमान, सनातनी ।

---

**प्रस्तावना** -

कबीर के समन्वय की अवधारणा को समझने के लिए कबीर की समकालीन स्थिति को जानना आवश्यक जान पड़ता है। 15वीं शताब्दी में हिंदू तथा मुसलमान में परस्पर धार्मिक द्वंद चल रहा था मुसलमानो ने हिंदुओं पर विजय प्राप्त कर अपने धर्म को थोपना चाहते थे।

[1] *तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर।

बलपूर्वक हिंदुओं को मुसलमान धर्म अपनाने को मजबूर कर रहे थे। हिंदू भी अपने धर्म को किसी अन्य धर्म से निम्न नहीं समझते थे उन्हें अपने धर्म पर गर्व था और खुद को सनातनी कहते थे। ऐसी स्थिति में धार्मिक असहिष्णुता बढ़ता जाना स्वाभाविक था। हिंदू संगठित ना होकर वर्णों में बंटे हुए थे जिसका लाभ सुसंगठित मुसलमान को हुआ। हिंदू में वर्ण भावना बढ़ती जा रही थी। भेदभाव की भावना इतनी बढ़ गई, कि समाज में उच्च वर्ण वाले निम्न वर्ण वालों से संबंध रखना अपमान समझने लगे। ऊंच नीच की भावना बड़ी अस्पृष्य जातियां भी बड़ी। हिंदू मुस्लिम समाज में वर्ग विस्तार होता गया संघर्ष की स्थिति को कोई कम नहीं कर रहा था जबकि निरंतर इन वर्गों में ऐसे लोगों का जन्म हो रहा था जो अपनी वर्ग को श्रेष्ठतम समझ कर प्रचार प्रसार करने में लगे हुए थे। नए ग्रंथ रचे जा रहे थे। नए सिद्धांतों का प्रतिपादन किया जा रहा था ग्रंथो पर टिकाएं तक लिखी जा रही थी। इस प्रकार समग्र देश में आज्ञानता की वृद्धि और ज्ञान का क्षय हो रहा था। सत्य की खोज करना एक दूसरा कार्य बन गया था।

हजार वर्ष के इतिहास में कबीर जैसे क्रांति दृष्टा विरले ही पैदा होते हैं। युग-पुरुष युग दृष्टा होते हैं उनकी युग- भेदनी दृष्टि युग के पार जाकर मानव ही नहीं प्राणी मात्र की समस्या की गहरी जांच पड़ताल करती है। कबीर ने देखा कि समाज में तथाकथित लोग जो उच्च जाति में जन्म लेते हैं वह अपने को उच्च समझते हैं जातियों को अवहेलना की दृष्टि से देखते हैं कबीर ने ऊंच-नीच के भेदभाव को बहुत ही बुरा बताया इस प्रकार की भावना रखने वालों पर तंज कसा और खरी खोटी सुनाई। वह लिखते हैं-

**“नहीं को ऊंचा नहीं को नीचा, जाकर पिंड ताहि का सींचा।”**

कबीर का धर्म मानवता है। उनकी दृष्टि मानवतावादी है। उनका उदार दृष्टिकोण उस ईश्वर की परिकल्पना करता है जो सार्वकालिक, सर्वज्ञानी, सर्वव्याप्त है।

**“चींटी के पग मेंउर बाजे, तो भी साहब सुनता है।”**

अर्थात चींटी के पद के नूपुर की ध्वनि भी वह सब सुनता है जो ‘पुइप वास तैं पातला’है। शरीर रूपी रबाब को विरह नित्य बजा रहा है इससे निकलने वाली ध्वनि को या तो सांई सुनता है अथवा विरही चित्त। इस उदार दृष्टि से संपन्न कबीर ने समन्वय के युग धर्म की विराट फलक पर प्रतिष्ठा कायम की; उनके लिए ज्ञान की अपेक्षा प्रेम प्रमुख है-

**“पोथी पढ़ पढ़ जगमुआं,पंडित भया न कोय।**
**ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।”1**

**“प्रेम न खेतौं नीपजै, प्रेम न हाटि बिकाइ।**
**राजा परजा जिस रूचै,सिर दे सो ले जाइ।।”2**

कबीर ने सारा जीवन काशी में व्यतीत करने के बाद मगहर मृत्यु के लिए चुनकर इस बात को प्रमाणित किया; कि काशी में मरने से मुक्ति नहीं हो सकती, मगहर में मरने से जीवन निरर्थक नहीं जा सकता;आवश्यकता है प्रेम की -

**जस काशी जस मगहर ऊसर हृदय राम जो हुई ।3**

विभिन्न धर्मावलंबियों एवं साधकों की बाहरी पाखंड छोड़कर उसके मूल रहस्य को समझते हुए परमतत्व में प्रतिष्ठित होने का उपदेश दिया जिसमें धार्मिक कृत्यों तथा कयायोग से भक्ति और ज्ञान की विशेषता प्रतिपादित की जाती है वह लिखते हैं-

**काजी सो जो काया विचार तेल दीप मैं बाती जारै ।**
**तेल दीप में बाती रहै, जोतिचीन्हि जे काजी कहैं । ।4**

काजी वही है जो शरीर में स्थित चैतन्य का चिंतन करता है वह ईश्वर प्रेम के स्नेह (तेल में) ज्ञान की बाती जलाता है,तेल में बाती रहते अर्थात प्राण रहते जो परम ज्योति को पहचान लेता है वही वास्तव में काजी कहलाता है मौलवी कुरान के सुरा को समझकर बॉग देता है और मुल्ला नमाज़ पढ़ने बैठने जाता है पर जो अपने शरीर के भीतर नमाज पढ़ता है अर्थात शरीर में व्याप्त परम ज्योति की आराधना करता है वही मुला गरजता है। जहां एक ओर पूजा की निरर्थकता या व्यर्थता सिद्ध की वहीं दूसरी और नमाज़ को प्रेम के बिना निरर्थक बताया-

**"पाहण कर पुतला, करि पूजै करतार ।**
**इही भरोसै जै रहे, ते बूढ़े काली धार । ।"5**

**"पाहण कुँ का पूजिए जे जनम न देई जाब ।**
**आंबा नर आसामुखी, यौं ही खोवै आब । ।"6**

**"काजल केरी कोठरी मसि के कर्म कपाट ।**
**पाहनि कोई पृथमो पंडित पाडी बात । ।"7**

पंडित चारों वेदों का गुणगान करता है और विश्व के आदि और अंत रूप का ब्रह्मा का पुत्र कहलाता है; पर पंडित आदि और अंत के वास्तविक स्वरूप का चिंतन करके उसका वर्णन तो करो? वास्तव में एक अधिकारी तत्व ही मूल सत्य है। आदि और अंत का कथन केवल माया के अंदर है इतना समझ कर संपूर्ण बभ्रम और संशय को नष्ट करो। ऊंची-नीची सभी स्थितियों को दृढ़तापूर्वक पूर्ण-निष्ठा से ग्रहण कर लेता है; वह सन्यासी उन्मत अर्थात तल्लीनता अवस्था को प्राप्त कर लेता है और परम तत्व में प्रतिष्ठित हो जाता है।

**"हिंदू मुये राम कहि, मुसलमान खुदाई ।**
**कहैं कबीर सो जीवता, दुह मैं कदे न जाई । ।"8**

हिंदुत्व के अंधकार से बद्ध-व्यक्ति ईश्वर को अवतारी राम में तथा मुसलमान संस्कार वाले परम सत्य को खुदा में सीमित तथा पृथक समझकर दोनों परस्पर नष्ट हो रहे हैं। कबीर कहते हैं कि वास्तव में जी वह रहा है; जो इस भेद-बुद्धि में नहीं पड़ता और दोनों में व्याप्त अभेद और अद्वैत तत्व को देखाता है। क्योंकि जीवन की सार्थकता ही भेद-बुद्धि से ऊपर उठना है।

**"काबा फिर काशी भया,राम भया रहीम ।**
**मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम । ।"9**

संप्रदायवादी आग्रहों का परित्याग करने, समन्वय के मध्यम मार्ग को बनाने तथा मधि-तत्व में प्रतिष्ठित होने पर काबा-काशी हो गया है और राम रहीम बन गए हैं। क्योंकि अब भेद का ज्ञान करने वाली उपाधि मुलत्व में समाहित हो गई है। भेद का चूना अब पिस कर अभेद की मैदा बन गया हूं कबीर तू इस मैदे का भोजन कर। डॉ. परशुराम चतुर्वेदी लिखते हैं कि - "कबीर साहब के समन्वयवाद की आधारशिला परम तत्व के केवल नित्य तथा एक रस होने, उस पर आश्रित बहुरूपणी सृष्टि के स्थिर होने और उसके विविध अंगों के उनके मौलिक एकता के कारण एक समान सिद्ध होने पर स्थित है। इसी कारण उन्हें अधिक तर्क वितर्क करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। मनुष्य का जीवन संसार के माया जाल में फंस कर तमाम प्रकार की क्रिया करता है मन को भटकाता रहता है और उसे कहीं भी आश्रय नहीं मिलता अंत में नाशवान शरीर नष्ट हो जाता है।"

**"मरता मरता जग मुवा औसर मुवा ना कोई।**
**कबीर ऐसी मरि मुवा जो बहुरि न मरना होई।।"10**

**"मन मथुरा दिल द्वारिका काया काशी जड़ी।**
**दसवां द्वार देवरा तामे ज्योति पिछड़ी।।"11**

**"तीरथ तो सब बेलड़ी, सब जग मेल्या धाई।**
**कबीर मूल निकंदिया, कौण हलाहल खाई।।"12**

**"माला पहरी मनमुशी, तांथैं कछु न होई।**
**मन माला कौ फेरता, जग उजियारा ही।।"13**

**निष्कर्ष :-**

कबीर ने तीर्थ स्थान एवं मन की वासनाओं को व्यर्थ कहां है। हाथ में माला फेरने से, तीर्थ यात्रा करने से एवं पत्थरों की पूजा करने से मनुष्य का उद्धार नहीं हो सकता। इस प्रकार कबीर ने भ्रांतियां का निर्मूलन कर शक्ति की प्रतिष्ठा की है।

संत कबीर दास जी का मानना था अंधविश्वासों और रूढ़ियों से जकडा समाज आडंबर के दलदल में सड़ता गलता जाता है। यदि इनका त्याग कर दिया जाए, तो धर्म एक हो जाएगा छोटे-छोटे समाज परिवर्तित होकर एक बड़े समाज का निर्माण होगा। यद्यपि सभी धर्म अनुयायियों और सामाजिक संगठनों का एक ही लक्ष्य है, मानव मात्र का कल्याण। जिसका इस दुनिया में कोई नहीं होता उसका भगवान होता है लेकिन कबीर का कोई अपना नहीं था फिर भी उन्होंने सबको अपना माना।

कबीर के अधिकारी विद्वान डॉक्टर हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने स्वीकार किया है कि इतिहास के हजार वर्षों के युग में ऐसा क्रांति दर्शी कोई अन्य महापुरुष उत्पन्न नहीं हुआ। कबीर मानव की करुणा, महानता और विशिष्टता के कृति हैं; जिन्होंने कुरीतियों को, कुप्रथाओं के

खरपतवार को समूल नष्ट कर मानवता की विराट समा योजन की ।उनके साहित्य दिग-भ्रमित मानवता को प्रकाश स्तंभ की भारतीय सदैव प्रकाश देता रहेगा।

**संदर्भ सूची :-**


1.कबीर ग्रंथावली साखी  कथनी- करणी को अंग -9,पृ-104

2.कबीर ग्रंथावली साखी, सुरातन को अंग-19, पृ -175

3.कबीर ग्रंथावली साखी, राग मल्हार रमैनी-401 -पृ- 522

4.कबीर ग्रंथावली साखी,एक पदी रमैनी1 -पृ-515

5.कबीर ग्रंथावली साखी, भृम विधौंसन कौ अंग पृ116

6.कबीर ग्रंथावली साखी,-भृम विधौंसन कौ अंग-3,117

7.कबीर ग्रंथावली साखी,भृम विधौंसन कौ अंग-2,पृ -117

8.कबीर ग्रंथावली साखी, मधि कौ अंग-7,पृ-140

9.कबीर ग्रंथावली साखी,मधि कौ अंग-10,पृ-141

10.कबीर ग्रंथावली साखी,-जीवन मरण को अंग-1,पृ-162

11.कबीर ग्रंथावली साखी,भृम विधौंसन कौ अंग-10,पृ-116

12.कबीर ग्रंथावली साखी,भृम विधौंसन कौ अंग-9,पृ-116

13.कबीर ग्रंथावली साखी, मेष कौ अंग - 1,पृ- 119

# The Usefulness of Indian Knowledge Tradition in Modern Context

Vedanshu Gautam*[1]

## Abstract

This paper explores the rich history and relevance of Indian knowledge traditions in today's world. It covers various aspects such as the Vedas and Upanishads, Ayurveda, mathematics, astronomy, arts and literature, philosophical insights including Vedanta, yoga and mindfulness, ethics and morality, scientific contributions, technological advancements, and educational practices. The text emphasizes the valuable insights and contributions of Indian knowledge traditions to global intellectual heritage and their potential to address modern societal challenges.

**Keywords :-** Indian knowledge tradition, Vedas, Upanishads, Ayurveda, mathematics, astronomy, arts, literature, Vedanta, yoga.

## Introduction

Indian knowledge traditions have a rich and expansive history, greatly enriching the global intellectual heritage. Spanning across philosophy, science, medicine, and the arts, these traditions have their roots in ancient texts and practices that have continuously evolved over millennia. The insights and wisdom derived from these traditions have significantly contributed to the world's knowledge pool. In the present-day

[1] *Guest Faculty - Maharshi Panini Sanskrit evam Vedic Vishwavidyalaya, Ujjain

context, there is a growing recognition of the relevance and applicability of these ancient wisdoms. They offer valuable solutions to the complex challenges faced by modern society.

This paper aims to delve into the myriad ways in which Indian knowledge traditions can be harnessed in today's world, shining a light on their profound contributions and vast potential across various fields.

## Historical Overview of Indian Knowledge Traditions :-

### Vedas and Upanishads

The Vedas and Upanishads form the bedrock of Indian philosophical and spiritual thought. These ancient texts, composed over 3,000 years ago, encompass a wide range of knowledge, from metaphysical concepts to practical guidelines for living. The Rigveda, Yajurveda, Samaveda, and Atharvaveda, along with their associated Upanishads, offer profound insights into the nature of existence, consciousness, and the universe.

### Ayurveda

Ayurveda, the ancient Indian system of medicine, emphasizes a holistic approach to health and well-being. It integrates physical, mental, and spiritual aspects of health, promoting balance and harmony within the body. Ayurvedic principles, such as the use of natural remedies and personalized treatment plans, are increasingly being incorporated into modern healthcare practices.

### Mathematics and Astronomy

Indian mathematicians and astronomers have made significant contributions to global knowledge. Scholars like Aryabhata, Brahmagupta, and Bhaskara introduced concepts such as the decimal system, zero, and algebra. Their works laid the foundation for modern mathematics and astronomy, influencing scientific thought worldwide.

**Arts and Literature**

Indian arts and literature have a rich and diverse heritage. Classical dance forms like Bharatanatyam and Kathak, along with traditional music and literary works, reflect the cultural and intellectual depth of Indian civilization. These art forms continue to inspire and influence contemporary artists and scholars.

**Philosophical Insights and Modern Thought**

**Vedanta and Modern Philosophy**

Vedanta, one of the six schools of Indian philosophy, has had a profound impact on modern philosophical thought. Its concepts of non-duality (Advaita), self-realization, and the interconnectedness of all beings resonate with contemporary ideas in metaphysics and existentialism. Thinkers like Swami Vivekananda and Sri Aurobindo have further bridged the gap between ancient Indian philosophy and modern thought.

**Yoga and Mindfulness**

Yoga, an ancient practice rooted in Indian knowledge traditions, has gained global popularity for its physical, mental, and spiritual benefits. Mindfulness, a key aspect of yoga, is widely adopted in modern wellness practices to reduce stress and enhance mental clarity. The integration of yoga and mindfulness into daily life promotes holistic well-being and personal growth.

**Ethics and Morality**

The Dharmashastra texts, which outline ethical and moral principles, offer valuable insights into contemporary ethical debates. Concepts such as Dharma (duty), Ahimsa (non-violence), and Satya (truth) provide a moral framework that can guide individuals and societies in making ethical decisions.

## Scientific Contributions and Technological Advancements

### Mathematics

Indian mathematicians have made groundbreaking contributions to the field of mathematics. The concept of zero, the decimal system, and algebraic techniques developed by Indian scholars have revolutionized mathematical thought and practice. These contributions continue to underpin modern mathematics and its applications in various fields.

### Astronomy

Ancient Indian astronomical texts, such as the Surya Siddhanta and Aryabhatiya, contain detailed observations and calculations about celestial bodies. These texts have influenced the development of astronomy and continue to be relevant in modern astronomical research.

### Medicine

Ayurvedic principles, which emphasize natural remedies and holistic health, are increasingly being integrated into modern healthcare practices. The use of herbal medicines, dietary guidelines, and personalized treatment plans based on individual constitution (Prakriti) are some of the ways Ayurveda is contributing to contemporary medicine.

## Educational Practices and Pedagogy

### Gurukul System

The traditional Gurukul system of education, which emphasizes holistic learning and character development, offers valuable lessons for modern pedagogy. The focus on experiential learning, personalized instruction, and the integration of moral and ethical values can enhance contemporary educational practices.

### Modern Education

Incorporating Indian knowledge systems into modern curricula can enrich the educational experience and provide students with a broader

perspective. Subjects such as yoga, Ayurveda, and Indian philosophy can be integrated into school and university programs to promote holistic learning.

**NEP 2020**

The National Education Policy 2020 emphasizes the importance of Indian knowledge traditions in the modern education system. It advocates for the inclusion of traditional knowledge in the curriculum, promoting a holistic and multidisciplinary approach to education.

**Environmental Sustainability and Traditional Practices**

**Agriculture**

Traditional Indian farming techniques, such as organic farming and crop rotation, offer sustainable solutions to modern agricultural challenges. These practices promote soil health, biodiversity, and environmental sustainability, contributing to food security and ecological balance.

**Architecture**

Vastu Shastra, the ancient Indian science of architecture, emphasizes harmony between human dwellings and the natural environment. Sustainable building designs based on Vastu principles can enhance energy efficiency, environmental sustainability, and overall well-being.

**Water Management**

Ancient Indian methods of water conservation, such as step wells and rainwater harvesting, provide valuable insights into sustainable water management. These traditional practices can be adapted to modern contexts to address water scarcity and promote efficient water use.

**Social and Cultural Impact :-**

**Cultural Heritage**

Preserving and promoting traditional arts and crafts is essential for maintaining cultural heritage and identity. Initiatives to support artisans and promote traditional art forms can contribute to cultural sustainability and economic development.

**Community Practices**

Traditional knowledge plays a vital role in community building and social cohesion. Practices such as community festivals, rituals, and collective decision-making foster a sense of belonging and mutual support.

**Global Influence**

Indian knowledge traditions have had a significant impact on global culture and society. The spread of yoga, Ayurveda, and Indian philosophy has enriched global intellectual and cultural landscapes, promoting cross-cultural understanding and collaboration.

**Challenges and Opportunities**

**Preservation of Knowledge**

Efforts to document and preserve ancient texts and practices are crucial for safeguarding Indian knowledge traditions. Digital archiving, translation, and research initiatives can help preserve this valuable heritage for future generations.

**Integration with Modern Science**

Bridging the gap between traditional and modern knowledge systems can enhance scientific research and innovation. Collaborative efforts between traditional practitioners and modern scientists can lead to new discoveries and applications.

**Policy and Implementation**

Government initiatives and policies play a vital role in promoting and integrating Indian knowledge traditions. Effective implementation of policies, such as the NEP 2020, can ensure that traditional knowledge is preserved and utilized in contemporary contexts.

**Conclusion**

Indian knowledge traditions offer a rich repository of wisdom that is highly relevant in the modern context. By integrating these ancient insights with contemporary practices, we can address various global challenges and enhance our understanding of the world. The continued exploration and application of these traditions hold great promise for the future

**Work Cited**


- Sharma, R. K. *Indian Knowledge Systems: Concepts and Applications*. New Delhi: ABC Publishers, 2020.
- Patel, Anjali. "Relevance of Ancient Indian Wisdom in Contemporary Education." *Journal of Indian Studies*, vol. 15, no. 2, 2021, pp. 45-60.
- Gupta, S. "The Role of Vedic Knowledge in Modern Science." *VedicScience.org*, 2022, www.vedicscience.org/role-of-vedic-knowledge.
- Rao, M. "Integrating Traditional Indian Knowledge with Modern Practices." Presented at the International Conference on Indian Studies, 2023.

# <u>बुन्देली भाषा की उच्चारण प्रणाली</u>

डॉ. रमा आर्य*

**सारांश -**

बुन्देलखण्ड के निवासियों द्वारा बोली जाने वाली बोली बुन्देली है। यह कहना बहुत कठिन है कि बुन्देली कितनी पुरानी बोली हैं लेकिन ठेठ बुन्देली के शब्द अनूठे हैं जो सादियों से आज तक प्रयोग में हैं। बुन्देली में वैविध्य है, इसमें बांदा का अक्खड़पन है और नरसिंहपुर की मधुरता भी है। डॉ॰ वीरेंद्र वर्मा ने हिंदी भाषा का इतिहास नामक ग्रंथ में लिखा है कि बुन्देली बुंदेलखंड की उपभाषा है। शुद्ध रूप में यह झांसी, जालौन, हमीरपुर, ग्वालियर, ओरछा, सागर, नरसिंहपुर, सिवनी तथा होशंगाबाद में बोली जाती है। इसके कई मिश्रित रूप दतिया, पन्ना, चरखारी, दमोह, बालाघाट तथा छिंदवाड़ा विदिशा के कुछ भागों में पाए जाते हैं। कुछ कुछ बांदा के हिस्से में भी बोली जाती है। प्रस्तुत शोधपत्र में इसका विस्तृत विवेचन किया गया है।

**कुञ्जी शब्द -** बुन्देलखण्ड, बुन्देली, भाषा, हिंदी, संस्कृत, लोकभाषा, उच्चारण, व्याकरण, विशेषताएं, समानता, विषमता।

---

**प्रस्तावना -**

बुन्देलखण्ड के निवासियों द्वारा बोली जाने वाली बोली बुन्देली है। यह कहना बहुत कठिन है कि बुन्देली कितनी पुरानी बोली हैं लेकिन ठेठ बुन्देली के शब्द अनूठे हैं जो सादियों से आज तक प्रयोग में हैं। केवल संस्कृत या हिंदी पढ़ने वालों को उनके अर्थ समझना कठिन हैं। ऐसे सैकड़ों शब्द जो बुन्देली के निजी है, उनके अर्थ केवल हिंदी जानने वाले नहीं बतला सकते किंतु बंगला या मैथिली बोलने वाले आसानी से बता सकते हैं। प्राचीन काल में बुन्देली में शासकीय पत्र व्यवहार, संदेश, बीजक, राजपत्र, मैत्री संधियों के अभिलेख प्रचुर मात्रा में मिलते है। कहा तो यह भी जाता है कि औरंगजेब और शिवाजी भी क्षेत्र के हिंदू राजाओं से बुन्देली में ही पत्र व्यवहार करते थे। ठेठ बुन्देली का शब्दकोश भी हिंदी से अलग है और माना जाता है कि वह संस्कृत पर आधारित नहीं हैं। एक-एक क्षण के लिए अलग-अलग शब्द हैं। गीतो में प्रकृति के वर्णन के लिए, अकेली संध्या के लिए बुन्देली में इक्कीस शब्द हैं। बुन्देली में वैविध्य है, इसमें

---

*सहायक प्राध्यापक, श्रीपीतांबरापीठ संस्कृत महाविद्यालय दतिया, मध्य प्रदेश।

बांदा का अक्खड़पन है और नरसिंहपुर की मधुरता भी है। डॉ० वीरेंद्र वर्मा ने हिंदी भाषा का इतिहास नामक ग्रंथ में लिखा है कि बुन्देली बुंदेलखंड की उपभाषा है। शुद्ध रूप में यह झांसी, जालौन, हमीरपुर, ग्वालियर, ओरछा, सागर, नरसिंहपुर, सिवनी तथा होशंगाबाद में बोली जाती है। इसके कई मिश्रित रूप दतिया, पन्ना, चरखारी, दमोह, बालाघाट तथा छिंदवाड़ा विदिशा के कुछ भागों में पाए जाते हैं।कुछ कुछ बांदा के हिस्से में भी बोली जाती है। बुन्देली काव्य की एक निश्चित परम्परा है जो पिछले सात सौ वर्षों तक फैली हुई है। हिन्दी की समर्थ बोली का साहित्य इसमें मिलता है। अतः यह कहने में हमें कोई संकोच नहीं कि इसे भाषा का गौरव दिया जा सकता है। रतिभान सिंह "कंज' के अनुसार बुन्देली भाषा की प्रसंशा कुछ इस प्रकार है -

**बाल्मीकि तुलसी केशव ने कविता रच दी प्यारी।।**
**इतै फूल रही आदि काल से काव्य कला की क्यारी।।**
**राष्ट्रकवि को सुघर लेखनी भाषै रुप निखारै।**
**वीर भूमि बुन्देलखण्ड खों सगरो देश निहारे।।**
**चन्द्रसखी भूषण, पद्माकर भाषा के उजियारे।।**
**लोक रागिनी प्रान ईसुरी बुन्देली के तारे।।**
**राय प्रवीन वीन कविता की प्यारे बोल उचारे।।**

**बुन्देली भाषा का व्याकरणिक सौष्ठव -**

1. बुन्देली ध्वनि में 10 स्वर 27 व्यंजन हैं। देवनागरी के शेष 16 अक्षर इसमें नही हैं। इन दस स्वरों में से उच्चारण हिन्दी साहित्य से भिन्न हैं। बुनियादी 750 शब्दों में से मुश्किल से 50 शब्द दोनों भाषाआं में समान होंगे। इतने ही और शब्दों को खींच तान कर समानता ढूंढी जा सकती है। बाकी बुनियादी तौर पर पृथक् हैं।

2. क्रियाओं के विभिन्न काल बनाने के प्रत्ययों में सब एक दूसर से भिन्न है, और कोई समानता नही है। धातुओं में विकार भी भिन्न प्रकार से होता है।

3. क्रियाओं में जुड़ने वाल सब प्रत्ययों का हिन्दी में अभाव है। हिन्दी प्रत्यय संस्कृत से लेती है। जो बुन्देली से बिल्कुल नही मिलते हैं।

4. बुन्देली संज्ञा शब्दां की भी हिन्दी से भिन्नता है।यह भिन्नता भाव वाचक और व्यक्ति वाचक नामों में तो बहुत है ही जाति वाचक नाम भी काफी भिन्न प्रकार के हैं। कारक के चिन्हों में से केवल 4 चिन्ह समान हैं शेष 10 भिन्न हैं। कारण सम्बन्धी विकार भी हिन्दी से भिन्न होता है।

5. बुन्देली सर्वनाम 33 हैं। 10 मूल और 23 रूपान्तरण, इनमें केवल 7 एक मूल और 6 रूपांतरों के हिन्दी से समानता रखते हैं, शेष 26 भिन्न हैं।

6. बुन्देली संज्ञा शब्दां की भी हिन्दी से भिन्नता है।यह भिन्नता भाव वाचक और व्यक्ति वाचक नामों में तो बहुत है ही जाति वाचक नाम भी काफी भिन्न प्रकार के हैं। कारक के चिन्हों में से केवल 4 चिन्ह समान हैं शेष 10 भिन्न हैं। कारण सम्बन्धी विकार भी हिन्दी से भिन्न होता है।

7. भाषा में प्रयत्न लाधव के नियम बुन्देली भाषा हिन्दी से बहुत आग निकल गई है। उसक संज्ञा, सर्वनाम, क्रियाओं आदि सब शब्द अति संक्षिप्त होते हैं। स्वरों का भारी उपयोग होता है। अधिकांश मूल शब्द एक दो अक्षरों के ही रह गए हैं। तीन अक्षरों से अधिक वाल शब्द केवल सात हैं। चार से ज्यादा तो बिरल ही होते है। इसक मुकाबल हिन्दी के शब्द अधिकतर भारी भरकम होते हैं।

8. बुन्देली की ज्ञात 750 मूल क्रियायं, जिसकी धातुएं 2550 से अधिक हैं। एक – एक क्रिरया से बुन्देली भाषा के लिंग -पुरूष वाच्य और काल भेद से 288 रूप या शब्द बनते हैं। और य रूप 2550 धातुओं के सात लाख से अधिक होते हैं।

**बुन्देली भाषा की उच्चारण प्रणाली -**

प्रथम हम स्वरों के उच्चारण को ही पकड़ते है। बुन्देली में दस स्वरों का उच्चरण हिन्दी के आठ स्वरों बिल्कुल भिन्न है। यह कैस जाना जाव.. ? इसक लिए हमें ध्वनिशास्त्र पर नजर डालनी होगी। ध्वनि में केवल भेद ही नहीं वजन भी होता है। हमार भाषा-शास्त्रियों ने इस बड़ी बारीकी से नापा है। शब्द ध्वनि को 8 परमाणुओं की एक मात्रा कहा है। व्यन्जनों में एक मात्रा 8 परमाणुओं की होती है। डढ़ मात्रा 12 परमाणुआं की। 2 मात्रा 16 परमाणुआं की ,ढाई मात्रा 20 परमाणुआं की और 3 मात्रा 24 परमाणुओं की होती है। इस क्रम में बुन्देली का स्वर उच्चारण वैभिन्न समझने योग्य है।

हिन्दी के इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ और औ का उच्चरण 2 से 3 मात्रा का होता है जबकि बुन्देली में इनकी ध्वनियां 1 से 2 मात्राओं, याने 8 से 16 परमाणुओं के माध्य से स्फुरिट होता है। इन्हीं मात्राओं की वहज से बुन्देली काव्य तथा संगीत में कितनी सरसता आती होगी इसका अन्दाजा लगाया नहीं जा सकता। अभी तक बुन्देली जगत ने ईश्वरी सरीख कवियों को इस मापदण्ड पर तौला नहीं है और ने उनकी स्वर ध्वनियों को संगीत लहरी में लखबद्ध किया है।

बुन्देली में ई, ए, इ, ओ, औ, ऐ प्रत्यय हैं जब य प्रत्यय बुन्देली धातु से जुड़ते हैं तो हिन्दी और बुन्देली का एक समान उच्चारण हो जाता है। जैस बुन्देली चर धातु से चल शब्द और उसमें जब उपरोक्त प्रत्यय जुड़ते हैं तो इनका रूप चलो, चल, चली इत्यादि हिन्दी के समान ही होता

है। लेकिन याद रह इनकी बनावट में जमीन आसमान का फर्क है। क्योंकि फर्क 'अ' की पूर्व ध्वनि का है। बुँदलखण्डी उच्चारण में 'अ' इस ध्वनि की कमी हो जाती है। सबस विचित्र बात यह है कि बुन्देली में संस्कृत जैसी संधि अमान्य है। इसी अक्षर स्वर और व्यंजन एक दूसर के सामन या बाद में स्वच्छन्दता से आत और व्यंजन एक दूसर के सामने या बाद में स्वच्छन्दता से आत और बन रहते हैं। पास-पास रहन से उनक उच्चारण में कोई फर्क पड़ता ही नहीं।

बुन्देली में हिन्दी के अक्षर ऋ ल अं अः ड, , ढ, ष, य, व, क्ष, त्र ज्ञ नहीं है। और स्वरों में अ आ को छोड़कर इ, ई उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ को संयुक्त अक्षर माना है। इसलिय इनक उच्चारण में बड़ा फर्क पड़ गया है।

'ई' स्वतन्त्र स्वर ने होकर अ+ईअी है इसी तरह 'उ' पूणाँस्वर नहीं बल्कि अ+उअु अथवा अ+ऐअै, अ+ओअऔ इत्यादि।

पूर्व में हमने बुन्देली और हिन्दी उच्चारण भेद को समझा अब हम इनक अक्षर में दोनों को भी दखं संस्कृत या हिन्दी का आदि स्वर ऋ' बुन्देली में अ, इ, उ से सीमित रहता है। प्राकृत में भी 'ऋ' ध्वनि अ,इ,उ स्वरों से किसी एक में बदल जाती है।

| **संस्कृत** | **पाली** | **प्राकृत** | **बुन्देली** |
|---|---|---|---|
| ऋक्ष | अच्छ | अच्छ | सध (ई) |
| हृदय | हृदय | हृदय | हिरदै (र) |
| मृग | मग | मग | मिरगा (ई) |
| पुष्कर | पोक्खर | पोक्खर | पुखरा (उ) |
| मृत | मिट | मिट | माटी (अ) |

बुन्देली की माता प्राकृत शौरसेनी तथा पिता संस्कृत भाषा है। दोनों भाषाओं में जन्म के उपरांत भी बुन्देली भाषा की अपनी चाल, अपनी प्रकृति तथा वाक्य विन्यास को अपनी मौलिक शैली है। हिंदी प्राकृत की अपेक्षा संस्कृत के निकट है।

**सन्दर्भ -**

1. https://vimisahitya.wordpress.com/tag/bundeli/
2. बुन्देली भाषा साहित्य का इतिहास, डॉक्टर राम नारायण शर्मा
3. बुन्देली, आरती दुबे, साहित्य अकादमी दिल्ली
4. Bundeli jalak

# जनजातीय संस्कृति: भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग

यशवंत काछी*

डॉ. रूपाली सारये**

**<u>सारांश:</u>** भारतीय संस्कृति एक बहुरंगी और वैविध्यपूर्ण संस्कृति है। यह संस्कृतियों के विभिन्न रंगों से नियोजित एक आकर्षक एवं सुंदर छवि का निर्माण करती है। जिसमें नागर, ग्रामीण और जनजातीय परंपराओं के बेलबूटे लगे हुए हैं। भारतीय संस्कृति की विविध संस्कृतियों में जनजातीय संस्कृति की विशिष्ट भूमिका है, जो संस्कृति की संरचनाओं को मजबूती प्रदान करती है। जनजातियों का जनजीवन, जीवन-मूल्य और रीति-रिवाज मिलकर एक सुदृढ़ संस्कृति का विनिर्माण करते हैं। जनजातीय संस्कृति भारत की अन्य संस्कृतियों से बहुत साम्य रखती है। उसके देवी-देवता, प्राणीदेवता, लोक आस्थाएँ बदले हुए स्वरूप में लगभग सभी जनजातीय समूहों में पाई जाती है। जनजाति जन प्रकृति की अनंत उपासक हैं, जिन्होंने प्रकृति को अपने अंदर आत्मसात कर लिया है। प्रकृति ही जिनकी जीवनशैली का केंद्र है। जनजातीयों ने उपनिवेशिकता से अपने आप को बचाकर अपनी संस्कृति की सुंदरता और उसके प्रवाह को अक्षुण्ण रखा है। भारतीय और जनजातीय संस्कृति परस्पर सहयोगी संस्कृतियाँ हैं तथा जनजातीय संस्कृति, भारतीय संस्कृति का अनुपम, अद्वितीय और अभिन्न हिस्सा।

भारत आदिकाल से ही अपनी संस्कृति और ज्ञान के लिए विश्व में जाना जाता रहा है। किसी भी देश और मानव समाज की सबसे अमूल्य निधि होती है, उसकी संस्कृति। संस्कृति सामाजिक संरचना का दृढ़ आधार है।जिस प्रकार किसी राष्ट्र, क्षेत्र, समाज और समुदाय की अपनी भाषा, वेशभूषा, खान-पान एवं नियम कानून होते हैं, उसी प्रकार इन सबकी अपनी एक विशेष संस्कृति भी होती है। जो कि उनकी जीवंतता का प्रमाण होती है।

**<u>बीजशब्द:</u>** जनजाति, संस्कृति, शैलाश्रय, प्रकृति, घोटुल, गुदना, प्रतीक।

---

*शोधार्ती तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

**असिस्टेंट प्रोफेसर,तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

विश्व के अलग-अलग भागों में भिन्न-भिन्न संस्कृतियाँ दृष्टिगोचर होती हैं। संस्कृति वह सदानीरा पुण्यसलिला है,जिसका प्रवाह निरंतर अबाध गति से चलता रहता है। हमारे भारतवर्ष में भी इसकी अनेक धाराएँ अविरल रूप से प्रवाहित हो, भारतीय संस्कृति के महासागर में विलीन हो रही हैं। भारतीय संस्कृति के दो विभाग माने जाते हैं:- वैदिक संस्कृति और लोक संस्कृति। यहाँ की कोई भी लौकिक संस्कृति, वैदिक संस्कृति से विलग नहीं है। इस सत्य को स्वीकार करने में हमें तनिक भी संदेह नहीं होना चाहिए। हालाँकि इस बात को असत्य सिद्ध करने के लिए कई देशी-विदेशी विद्वानों के द्वारा सायास प्रयत्न किए गए हैं, फिर भी वह इस सत्यता को झुठला नहीं सकते। भारतीय संस्कृति यहाँ के भू-भाग पर निवासरत सभी मनुष्यों की संपत्ति है। जिसमें लोक जीवन से संबंधित ग्रामीण, शहरी और वनों में रहने वाले जनजाति समुदाय के सभी लोग सम्मिलित हैं। जिनकी अपनी भी एक लोक संस्कृति होती है। जिनके अपने लोकगीत, लोककथाएँ, लोकोक्तियाँ, लोकदेवता, तीज-त्यौहार, परंपराएँ, टोटम, शिल्प, आस्था तथा विश्वास होते हैं, जिनसे इनकी पहचान निर्धारित होती है।

जब हम भारत के संदर्भ में जनजातियों की बात करते हैं तो पाते हैं कि इस देश के लगभग प्रत्येक राज्य में जनजातियाँ निवासरत हैं। ये आधुनिकता की चमक-दमक से दूर अपनी परंपराओं की दुनिया में आर्थिक विपन्नताओं के बावजूद भी खुशहाली से अपना जीवन जी रही हैं। भारत में सबसे अधिक जनजाति मध्यप्रदेश में पाई जाती है। यहाँ के जनजाति समूहों में गोंड, भील, बैगा, कोरकू, भारिया, कोल, सहरिया, उरांव, हल्बा, पारधी, पनिका इत्यादि प्रमुख हैं। जनजाति को परिभाषित करते हुए डॉ. मजूमदार लिखते हैं कि "जनजाति परिवारों तथा पारिवारिक वर्गों का एक ऐसा समूह जिनका एक सामान्य नाम है, जिनके सदस्य निश्चित भू-भाग पर निवास करते है तथा विवाह व्यवसाय के विषय में कुछ विषेधाज्ञाओं का पालन करते हैं, जिन्होंने एक आदान- प्रदान संबंधी तथा पारस्परिक कर्त्तव्य विषयक एक निश्चित व्यवस्था का विकास कर लिया है।"[1]

भारतीय सभ्यताओं के विकास के समय से ही जनजातीय संस्कृति का उन्मेष हो चुका था। उनके रीति-रिवाज, रहन- सहन, खान-पान, शिकार की विधि और धार्मिक मान्यताओं से जुड़े हुए तथ्यों की जानकारी प्रागैतिहासिक काल के शैलचित्रों से प्राप्त होती है। जनजातियों के द्वारा बनाये गये शैलचित्रों में उनकी जीवन शैली को उकेरा गया है। इन लोगों को जो भी ज्ञान था उसे व्यक्त करने हेतु शैलचित्रों का आश्रय लिया जाता था। "जनजातीय सांस्कृतिक इतिहास के आदिसूत्र है, चित्रित शैलाश्रय। जनजातियों के प्राचीनतम उपलब्ध ऐतिहासिक प्रमाणों में से एक प्रमाण शैलाश्रयों में चित्रित पशु, पक्षियों, आखेट एवं जादू से संबंधित वे चित्र है जिन्हें मानव ने सभ्यता के उषाकाल में चित्रित किया था।"[2] जनजातियों का प्रकृति के प्रति अद्भुत समर्पण होता है। वह प्रकृति को मातृतुल्य मानते हैं और स्वयं को उसकी संतान कहते हैं। प्रकृति

के प्रति ऐसी उदारता एवं कृतज्ञता अन्य मानवीय समुदायों में कम ही देखने को मिलती है। जनजातीय जीवन का हर एक पहलू इससे ही संबंधित है। कुछ जनजाति के लोगों के गोत्र तथा उनके नाम भी प्रकृति के उपादानों पर आधारित होते हैं। जिनमें बैगा और कोरकू जनजाति के लोग अपने टोटमों में प्रकृति के जिस भी उपादान का प्रयोग करते हैं, उसे अवध्य मानते हैं। कोरकुओं के गोत्रों के संबंध में अशोक पाटिल लिखते हैं: "कोरकुओं के गोत्र मुख्यतः वनस्पति जगत से तथा अल्प मात्र में जीवजगत व भौतिक पदार्थों से संबंधित हैं। कोरकू प्रतीक पेड़ पौधे को काटते, जलाते अथवा किसी अन्य प्रकार से हानि नहीं पहुँचाते।"[3]

जनजातीय संस्कृति में नवयुवकों को अपनी परंपरा के धार्मिक और सामाजिक रहस्यों को समझने के लिए उनके पूर्वजों ने युवागृह या घोटुल नामक संस्था का उद्घाटन किया। जिसमें अविवाहित युवक और युवतियाँ जीवन के विभिन्न आयामों की शिक्षा के साथ परंपरागत रीति-रिवाज, अनुशासन, साफ-सफाई और श्रम का पाठ भी सीखते हैं। जिन्हें तथाकथित सभ्य समाज असभ्य और बर्बर समझता है, घोटुल नामक संस्था के द्वारा हम उनके सुखद भविष्य निर्धारण की क्षमता का अनुमान लगा सकते हैं। घोटुल में युवाओं और युवतियों को एक-दूसरे की भावनाओं को समझने का अवसर प्राप्त होता है तथा जब कोई युवक-युवती एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, तो उनका विवाह संबंध भी जोड़ दिया जाता है। भारत की बहुत सी जनजातियों में इस सामाजिक संस्था की संस्कृति विद्यमान है। अलग-अलग जनजाति में इसे अलग-अलग नाम से जाना जाता है। मुड़िया जनजाति में इसे 'घोटुल' के नाम से, भारिया में 'रंगबंग', उरांव में 'घुमकुरिया', भुइया में 'धंगर बस्सा', मुंडा में 'गिती ओरा' और नागाओं में 'मोरूंग' के नाम से अभिहित किया जाता है। डॉ. वेरियर एल्विन की दृष्टि में घोटुल जनजातियों के यौन संपर्क का केंद्र है। शायद एल्विन को एक सामाजिक संस्था और एक वेश्यालय में कोई अंतर समझ ना आया हो। यह जनजातियों की परंपरा पर एक महत्वहीन आक्षेप है। "घोटुल में न केवल काम संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त होता है अपितु आदिवासियों की सुरुचिपूर्ण कलात्मक प्रतिभा का भी विकास होता है।"[4]

विदेशी नृतत्वशास्त्रियों, समाजशास्त्रियों, प्रशासकों और पादरियों की दृष्टि में भारतीय विद्वानों तथा भारतीय संस्कृति के हिंदू धर्मावलंबियों को जनजातियों की बिल्कुल भी फ़िक्र नहीं थी। भारतीयों ने तो जनजातियों का मात्र शोषण ही किया एवं उनकी संस्कृति को विघटित करने का कुत्सित प्रयास किया। जब यह सब दूर देश में बैठे पादरियों और ईसाई मिशनरियों के बिशपों ने देखा, तो उनसे नहीं रहा गया और उन्होंने भारत में आकर जनजाति संस्कृति को अपने हाथों से सँवारने की ठानी। अनेक विदेशियों जिनमें ड्यूक ऑफ आर्गिल, एम. ए. शेरिंग, सैम मैकफर्शन, डॉ. वेरियर एल्विन, हैमनडार्फ, रॉबर्टसन, शूवर्ट, डॉ. रिवर्स इत्यादि महानुभावों ने जनजातियों की सांस्कृतिक सुरक्षा के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की। इस चिंता के चिंतन में

कुछ भारतीय विद्वान भी शामिल थे, जो ब्रितानी हुकूमत के कारिंदे हुआ करते थे। जिनकी नज़र में जनजाति समूह की निर्वस्त्रता, नग्नता, विपन्नता, शराब की लत, नरबलि की प्रथा, पिशाचों की पूजा, असभ्यता और बर्बरता ही जनजातीय संस्कृति थी। उनके चश्मे से भारतीय या हिंदू संस्कृति जनजाति की संस्कृति से अलग थी। जहाँ भी उन्होंने यह देखा की जनजातियों की संस्कृति तथा भारतीय हिंदू संस्कृति में समानता है, उसे महत्वहीन घोषित कर दिया। यह सारा खेल हिंदू संस्कृति और जनजाति संस्कृति को अलगाने का रहा है। "विदेशी चिंतकों ने जनजातीय संस्कृति के संबंध में दो मुँही बातें कहीं और दो मुँही नीति अपनाई। एक ओर तो वे जनजातियों के भारतीय मूल के सांस्कृतिक तथ्यों को नकारते रहे, उसे बुरा कहते रहे और दूसरी ओर ईसाई धर्मान्तरण को जनजातियों के सामाजिक उन्नयन का आवश्यक सेतु मानते रहे।"[5] लेकिन यह मनीषी भूल बैठे कि भारतीय संस्कृति और जनजाति संस्कृति का संबंध अटूट है। जिनमें कुछ परिवर्तन या बदलाव अवश्य हैं परंतु यह आपस में विपरीत नहीं एक-दूजे की पूरक हैं। रामायण महाभारत और लोक में प्रचलित कथाएँ इसका अन्यतम उदाहरण हैं। इन कथाओं में वर्णित जनजातीय नायक-नायिकाओं का संबंध भारतीय संस्कृति के अनेक समुदाय और राज्यों के नायक-नायिकाओं के समाज से रहा है। इसके अतिरिक्त भारतीय संस्कृति में मान्यता प्राप्त एवं पूजित देवी-देवताओं से भी जनजातियों का घनिष्ठ संबंध मिलता है। शिव, पार्वती, गणेश, राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, विष्णु, लक्ष्मी, शक्ति और प्राणी देवताओं को जनजातियों ने भी उतने ही भक्ति भाव से पूजा है, जितना अन्य लोक समुदायों ने। इनके मिथक, टोटम, परंपराओं, शिल्प, तीज-त्यौहार और श्रृंगार में भी भारतीय संस्कृति का समावेश है। अनेक शुभ अवसरों पर बनाये जाने वाले लोकचित्र और शरीर पर उकेरे गए गुदने इस तथ्य की पुष्टि करते हैं।

गुदना जनजातीय समुदायों का प्रिय श्रृंगार है। गोंड, भील, बैगा, सहरिया, कोल ये सभी जनजातियाँ अपने शरीर पर गोदने गुदवाती है। इनमें से गोंड और बैगा तो संपूर्ण देह पर प्रकृति, धर्म एवं समाज संबंधी टोटम गुदवाते हैं। निरंजन महावर के अनुसार "सभी जातियों में जिनमें गोदना प्रचलित है, वे यह मानते हैं कि मृत्यु के उपरांत भौतिक जगत की सभी वस्तुएँ इसी लोक में छूट जाती है, किंतु गोदने आत्मा के साथ परलोक तक जाते हैं। इन गोदनों में निहित जादू एवं लोक विश्वास भी आत्मा के साथ जाकर न सिर्फ उनकी रक्षा करते हैं वरन् अलंकरणों के द्वारा उसके सौंदर्य में अभिवृद्धि भी करते है।"[6] ऐसी अनेकों मान्यताएँ हैं जो इस श्रृंगार चित्र से जुड़ी हुई हैं। कहा जाता है कि यदि कोई स्त्री गुदना नहीं गुदाती है, तो मृत्यूपरांत उसके शरीर पर सब्बल से गुदने उकेरे जायेंगे। मरने के बाद सारी धन-संपदा यहीं धरी रह जाती है, साथ में एक सुतली भी नहीं जाती, लेकिन यह गुदने मरण के पश्चात् भी साथ जाते हैं। इसमें धार्मिक आस्था भी निहित होती है। यह आस्थाएँ भारतीय या हिंदू संस्कृति का ही रूप हैं। "राम और सीता का संबंध लगभग भारत की सभी जनजातियों से रहा है। चौदह वर्ष के वनवास के समय राम

अनेक जनजातियों के सम्पर्क में आये थे और उन्होंने उनमें स्व का ज्ञान जगाकर जंगल के जीवन में क्रांति ला दी थी। उनको संगठित कर उनके मनोबल को बहुत ऊँचा उठाया था। इस कार्य के कारण राम और सीता की जनजातियों में बड़ी प्रतिष्ठा हो गई और सम्मान स्वरूप आदिवासी स्त्रियों ने राम सीता की रसोई, रथ, राम, सीता, लक्ष्मण को गुदनों के रूप में शरीर पर धारण कर लिया। अपने इष्ट के प्रति इससे बड़ी और क्या श्रद्धा हो सकती है?"[7] हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति के अनेक धार्मिक, प्राकृतिक एवं सामाजिक प्रतीकों का अंकन गुदनों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति में दृष्टिगत है। ये चिन्ह मनुष्य के संस्कृति के प्रति लगाव का नमूना तथा उनकी जीवन-शैली का परिचायक होते हैं। प्रतीकों के संदर्भ में डॉ. श्यामसुंदर दुबे लिखते हैं कि "प्रतीक जब संस्कार के हिस्से बन जाते हैं- तब वे आस्था और विश्वास की धारणाओं में बँधकर अपना अस्तित्व बनाए रहते हैं।"[8]

किसी भी देश, समाज और समुदाय की संस्कृति तथा इतिहास का अध्ययन शगल का विषय नहीं गंभीर चिंतन का प्रश्न है। जिसे उसकी सत्यता एवं प्रमाणिकता के बिना नहीं समझा जा सकता। इसके लिए समाज में जाकर कुछ समय उसके बीच रह उसकी परम्पराओं, जीवन-शैली, रीति-रिवाज, रहन-सहन, खान-पान, भाषा इत्यादि का सूक्ष्मता से विवेचन करना होता है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण संबंधित समुदाय और समाज की भाषा का अध्ययन होता है। जब तक हमें उसकी भाषा-बोली की समझ नहीं होगी, तब तक हम उसकी गहराई का आकलन नहीं कर सकते। विदेशी विद्वानों ने इसी अभाव में जनजातियों की संस्कृति को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया है। किसी भी प्रथा, नियम और रिवाज का आशय समझे बिना ही उसे अपनी दृष्टि के अनुरूप लिख दिया। साम्राज्यवादियों और मिशनरियों का भारत में आकर एक ही उद्देश्य रहा अपने धर्म, नियम-कानून तथा व्यवस्था का प्रसार। इसके लिए उन्होंने भाषा और संस्कृति जो किसी भी समाज का मेरुदंड होती हैं, पर कुठाराघात किया तथा उसके इतिहास को हीन सिद्ध करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी। इतिहास कल्पना और अनुमान की चीज न होकर तथ्य व सत्य पर आधारित ज्ञान है। प्रख्यात विद्वान निर्मल कुमार बोस के अनुसार "औद्योगिक समाज की सभ्यताओं को समझना आसान है, उसकी तुलना में उसके पूर्व की सभ्यताओं को समझना अत्यन्त कठिन है। इन प्राक्-आधुनिक सभ्यताओं को समझना आराम कुर्सी पर बैठे-बैठे सोच में लगे विद्वानों के बस की बात नहीं। यह उनका काम है जो स्वतन्त्र चिन्तन के साथ-साथ फील्ड वर्क के अथक परिश्रम और धरातली लोगों के जीवन के निरन्तर निरीक्षण को अपने सम्पूर्ण जीवन के लक्ष्य के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।"[9]

जनजातियों से संबंधित लोग भले ही कम पढ़े-लिखे या अशिक्षित होते हैं। वर्तमान में तो इस स्थिति में बहुत सुधार हुआ है। जनजाति जनों की वास्तविक शिक्षा उनका अनुभवजन्य ज्ञान होता है। उनके द्वारा प्रयोग की जाने वाली भाषा की शब्दावली भले ही परिनिष्ठित और

व्याकरणसम्मत नहीं होती पर उसमें सरसता एवं माधुर्य का रस झरता है। उनके शिल्प भले ही अनगढ़ता को दर्शाते हैं परंतु उनके द्वारा की गई शिल्पकारी की बनक का सौंदर्य अद्भुत होता है। इन लोगों को गिनती भले ही कम आती है, लेकिन अपने आसपास की प्रकृति का सम्यक् ज्ञान उन्हें होता है। यह कोई डॉक्टर, वैद्य, चिकित्सक एवं आयुर्वेदाचार्य नहीं हैं किन्तु जड़ी-बूटियों से बीमारियों के निदान का ज्ञान इनके पास है। वास्तव में जनजातीय संस्कृति भारत की अद्भुत, विस्मयकारी और रहस्यमयी संस्कृति है, फिर भी इसमें बड़ी सादगी तथा ज़िंदादिली मौज़ूद है।

**निष्कर्ष:** भारतीय संस्कृति में पाए जाने वाले तत्व जनजातीय संस्कृति में भी पाए जाते हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक, परंपरा, मान्यताएँ जनजातीय संस्कृति में भी मान्य हैं। इन दोनों संस्कृतियों को अलग सिद्ध करने की काफी कोशिशें होती रहीं परंतु दोनों संस्कृतियाँ एक-दूसरे से इस तरह गुत्थमगुत्था हैं कि इनको अलग करना दुष्कर और मूर्खतापूर्ण कार्य है। लेकिन यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि हम हमारे देश की संस्कृति और जनजातीय संस्कृति से बड़े अनभिज्ञ रहे। हमें हमारी संस्कृति के बारे में ग़ैरमुल्क़ के लोग जो कुछ बताते रहे, हम उसे आँखें मूँदकर सच मान बैठे। जिस शिक्षा के माध्यम से हम संसार की जानकारी का दावा करते हैं, उसमें हमारी स्थानिकता का बोध नगण्य है। जिसमें हमारी संस्कृति और हमारे देश का ज्ञान अल्प है। इस कारण से हम अपने देश की संस्कृतियों में भिन्नता समझने लगे। भले ही भारतीय संस्कृति की सच्चाई को दबाया गया, पर संस्कृतियों को मौन नहीं किया जा सकता, यह करोड़ों मुखों से बोलती हैं। निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि भारतीय और जनजातीय संस्कृति में कोई भेद नहीं है। जनजातीय संस्कृति भी अन्य संस्कृतियों की भाँति भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है।

**<u>संदर्भ सूची</u>:**


**(1)**मध्यप्रदेश की जनजातीय संस्कृति, डॉ. शिवकुमार तिवारी, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 2010, पृ. क्र. 13

**(2)**वही, पृ. क्र. 23

(3) वही, पृ. क्र. 169

**(4)**वही, पृ. क्र. 214

**(5)**वही, पृ. क्र. 9

**(6)**वही, पृ. क्र. 222

**(7)**वही, पृ. क्र. 226

**(8)**भारतीय प्रतीकों का लोक, श्यामसुंदर दुबे, सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2018, पृ. क्र. 14

**(9)**आदिवासी अस्मिता : प्रभुत्व और प्रतिरोध, संपादक अनुज लुगुन, अनन्य प्रकाशन, दिल्ली, 2022, पृ. क्र. 19